रौल नं०................................नाम परीक्षार्थी..................................

XI-24 **अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई०** A

# नागरिकशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

**समय – 3.15 घण्टा** **कक्षा – 11** **पूर्णांक – 100**

**नोट :–** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 10 शब्दों (एक वाक्य) में, प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या–27 से 30 तक के प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में एवं प्रश्न संख्या–31 से 32 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न– प्रत्येक 1 अंक)**

**निर्देश :–**निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के उत्तर के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं। सही उत्तर छाँटकर उसे अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. संविधान सभा में किस दल का वर्चस्व था :–
(क) मुस्लिम लीग (ख) हिन्दू महासभा
(ग) कांग्रेस (घ) जनसंघ।

2. मूल अधिकारों का वर्णन संविधान के किस भाग में है :–
(क) भाग दो (ख) भाग तीन (ग) भाग चार (घ) भाग पाँच।

3. धार्मिक स्वतंत्रता का वर्णन संविधान के किन अनुच्छेदों में किया गया है :–
(क) अनुच्छेद–14 से 18 तक (ख) अनुच्छेद 25 से 28 तक
(ग) अनुच्छेद 19 से 22 तक (घ) अनुच्छेद 23 से 24 तक।

4. मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है :–
(क) उपराष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री
(ग) मुख्य न्यायाधीश (घ) राष्ट्रपति।

5. राष्ट्रपति शासन की अवधि कितनी होती है :–
(क) छह माह (ख) एक वर्ष (ग) दो वर्ष (घ) निश्चित नहीं

6. राज्यसभा में किस राज्य की सर्वाधिक सीटें हैं :–
(क) उत्तर प्रदेश (ख) आन्ध्र प्रदेश (ग) महाराष्ट्र (घ) गोवा।

7. भारत के संविधान का संरक्षक कौन है :–
(क) राष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री
(ग) उच्चतम न्यायालय (घ) संसद।

8. ऑन लिबर्टी' किसकी रचना है :–
(क) जे. एस. मिल (ख) एम. के गाँधी
(ग) जयप्रकाश नारायण (घ) हॉब्स।

9. व्यक्ति पर बाहरी प्रतिबन्धों का अभाव है :–
(क) समानता (ख) न्याय
(ग) स्वतंत्रता (घ) कानून।

(पृष्ठ पलटिए)

10. "स्वतंत्रता तथा समानता एक-दूसरे की विरोधी हैं।" यह कथन किसका है :-
(क) लॉर्ड एक्टन (ख) लास्की
(ग) कार्ल मार्क्स (घ) प्लेटो।

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 2 अंक**

11. भारतीय संविधान किसने बनाया?
12. भारतीय नागरिक के दो मूल अधिकार लिखिए।
13. चुनाव आयोग के दो कार्य लिखिए।
14. कार्यपालिका से आप क्या समझते हैं?
15. 'धन विधेयक' किसे कहते हैं?
16. न्यायपालिका किसे कहते हैं?
17. राजनीतिक सिद्धान्त के किन्हीं दो क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।
18. "स्वतंत्रता अति शासन की विरोधी है।" यह मत किसने व्यक्त किया है?
19. सामाजिक प्रतिबन्धों से क्या आशय है? क्या किसी भी प्रकार के प्रतिबन्ध स्वतंत्रता के लिये आवश्यक हैं?
20. सामाजिक समानता का अर्थ लिखिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 5 अंक**

21. संविधान के कोई चार कार्य लिखिए।
22. भारत में चुनाव लड़ने की क्या योग्यताएँ हैं?
23. संघीय मन्त्रिपरिषद के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
24. राज्यसभा किस प्रकार एक स्थायी सदन है?
25. सामाजिक प्रतिबन्धों से क्या आशय है? क्या किसी भी प्रकार के प्रतिबन्ध स्वतंत्रता के लिये आवश्यक हैं?
26. नकारात्मक समानता का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**लघु-दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 6 अंक**

27. निवारक निरोध से क्या तात्पर्य है? निवारक निरोध कानून की आलोचना लिखिए।
28. साधारण व वित्त विधेयक में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
29. राजनीतिक सिद्धान्त का विषय-क्षेत्र और उद्देश्य लिखिए।
30. समानता से आप क्या समझते हैं? संक्षेप में लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– प्रत्येक 8 अंक**

31. मौलिक कर्त्तव्यों का क्या महत्व है? भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

प्रधानमंत्री की शक्तियों तथा कार्यों की विवेचना कीजिए।

32. स्वतंत्रता का क्या अर्थ है? स्वतंत्रता की परिभाषा लिखिए।

**अथवा**

समाजवाद क्या है? लोहिया की सतक्रान्तियाँ क्या थीं?